कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री गोविन्द, आरटीआई कार्यकर्ता/सामाजिक कार्यकर्ता) सी–160, सहयोग विहार, उत्तम नगर, नई दिल्ली, 110059

बनाम

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा

अपील संख्या 106/2025

निर्णय

दिनांक 03.10.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त कलक्टर दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2025/2528 दिनांक 19.09.2025 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा ने पत्र कमांकःआरटीआई/2025/831 दिनांक 23.9.2025 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत कांकरिया, पंचायत समिति लालसोट से संबंधित होने से ग्राम पंचायत कांकरिया को धारा 6 (3) में स्थानान्तरित की गई। अपील का अवलोकन किया गया। अपीलांट को ग्राम विकास अधिकारी पंचायत अधिकारी ग्राम पंचायत कांकरिया के द्वारा बिन्दु सं0 1 की सूचना उपलब्ध करा दी गई है। अपील का अवलोकन किया गया जिसमें अनेक बिन्दु प्रश्नात्मक है एवं अन्य विभागों से संबंधित है।

अतः अपील अपीलांट खारिज की जाती है। अपीलांट अन्य विभागों से संबंधित सूचना सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत संबंधित विभाग के लोक सूचना अधिकारी के माध्यम से प्राप्त कर सकता है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.11.04 16:47:13 IST
Reason: SelfAttested